K25P 0830

Reg. No. : ...............................

Name : ...................................

IV Semester M.A. Degree (C.B.C.S.S. – O.B.E. – Regular)
Examination, April 2025
(2023 Admission)
HINDI
MAHIN04E09 : Samakaaleen Hindi Kavitha Aur Dhoomil

Time : 3 Hours    Max. Marks : 80

I. किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के सप्रसंग व्याख्या कीजिए । (अधिकतम **125** शब्द)    **(5×4=20)**

1) ''बीस साल बाद
मैं अपने आपसे एक सवाल करता हूँ
जानवर बनने के लिए कितने सब्र की ज़रूरत होती है ?''

2) '' इधर मैं कई दिनों से प्रतीक्षा
कर रहा हूँ कुर्सी में
टिमटिमाते हुए आदमी की आँखों में
ऊब है और पडोसी के लिए
लंबी यातना के बाद
किसी तीखे शब्द का आशय''

3) ''व्यक्तियों की पृष्ठ-भूमि में
तुमुल नगर संघर्ष मचा है
आदिम पर्यायों का परिचर
विवश आदमी
जहाँ बचा है''

P.T.O.



4) ''भूख कौन उपजाता है
वह इरादा जो तरह देता है
या वह घृणा जो आँखों पर पट्टी बाँधकर
हमें घास की सट्टी में छोड आती है ?''

5) ''एक तीसरा आदमी भी है
जो न रोटी बेलता है, न रोटी खाता है
वह सिर्फ रोटी से खेलता है
मैं पूछता हूँ
यह तीसरा आदमी कौन हैं ?
मेरे देश की संसद मौन है ।''

6) ''वैसे हम समझते हैं कि सच्चाई
हमें अक्सर अपराध की सीमा पर
छोड आती है''

II. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (अधिकतम **250** शब्द)    **(3×8=24)**

7) धूमिल की कविता की काव्यात्मक सार्थकता पर प्रकाश डालिए ।

8) धूमिल की कविता का व्यंग्य बोध स्पष्ट कीजिए ।

9) धूमिल की कविता में निहित क्रांतिकारिता को सोदाहरण समझाइए ।

10) साठोत्तरी कविता की प्रमुख प्रवृत्तियों पर लेख लिखिए ।

11) सन् 1960 के बाद की सांस्कृतिक परिस्थितियाँ कैसी थीं ?

III. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (अधिकतम **300** शब्द)    **(3×12=36)**

12) धूमिल की कविता मार्क्सवाद से कहाँ तक प्रभावित है ?

13) ''समकालीन कविता' साठोत्तर काव्यधाराओं में एक महत्वपूर्ण काव्यधारा है ।'' प्रस्तुत कथन की विवेचना कीजिए ।

14) 'धूमिल की कविता में पूँजीवाद का प्रतिरोध' विषय पर लेख लिखिए ।

15) धूमिल के समकालीन कवि और उनकी कविताओं का परिचय दीजिए ।

16) 'समकालीन कविता' की सामाजिक प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालिए ।